# कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा (छ0ग0)

कुम्हाररास, जिला – सुकमा व (छ0ग0) 494111
**web :**www.gpolysukma.in, **email:**gpolysukma@gmail.com,

क्रमांक/शापॉसु/ग्रंथा/2021/132 | सुकमा दिनांक 23/06/2021

## निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा में लाइब्रेरी/बुक बैंक की पुस्तके क्रय करने हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। क्रय की राशि लगभग रु 1.90 लाख है जिसके लिए 3% सुरक्षानिधि रु 5700/ निर्धारित है। विस्तृत शर्तो व जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.gpolysukma.in या www.cgdte.raipur.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 24.06.2021 से दिनांक 07.08.2021 तक |
| निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 07.08.2021 समय दोपहर 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 07.08.2021 अपराह्न 4.00 बजे तक |

23/06/2021

प्र0 प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक
सुकमा (छ0ग0)

Principal
Govt. Polytechnic
Sukma (C.G.)

# कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा (छ0ग0)

कुम्हाररास, जिला – सुकमा व (छ0ग0) 494111
web :www.gpolysukma.in, email:gpolysukma@gmail.com,

क्रमांक/शापॅासु/ग्रंथा/2021/133 सुकमा दिनांक 23/06/2021

प्रति,

.............................................................

.............................................................

.............................................................

## पुस्तके कय हेतु निविदा प्रपत्र

**आवश्यक दस्तावेज जिन्हे संलग्न किया जाना है**

01. पहला लिफाफा– दूसरा लिफाफा व तीसरा लिफाफा को पहला लिफाफा में रखा जाना है पहला लिफाफा के उपर "पुस्तक कय हेतु निविदा" लिखे एवं कार्यालय शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा जिला– सुकमा (छ.ग.) का नाम लिखकर भेजे।
02. दूसरा लिफाफा– मुहरबंद भाव पत्र लिफाफा
03. तीसरा लिफाफा

(A) 5700 रु. का डी डी (सुरक्षानिधि लिफाफा)
(B) 250 रु. का डी डी (आवेदन पत्र की राशि)
(C) फर्म का वाणिज्यकर विभाग का जीवित प्रमाण पत्र (जी.एस.टी. उल्लेखित हो)
(D) तीन वर्ष का पुस्तक प्रदाय में अनुभव के साथ वार्षिक न्यूनतम 2.70 लाख तक पुस्तक प्रदाय करने का लेखा संलग्न।
(E) पिछले वर्ष आयकर प्रामाण पत्र एवं पैन कार्ड की छायाप्रति।
(F) हस्ताक्षारित निविदा प्रपत्र का आवेदन
(G) ब्लैकलिस्ट नही होने का स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र।

01. इस कय की अनुमानित लगभग रु 1.90 लाख है व इस हेतु 3% सुरक्षानिधि रु 5700/तय की गई है। सुरक्षानिधि को प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा के नाम से देय रु 5700 का बैंक ड्राप्ट अलग से उक्त लिफाफे में रखे व उसके ऊपर सुरक्षानिधि लिफाफा लिख कर फर्म की सील भी लगाये। निविदाकार यह प्रपत्र कार्यालय शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा में 250 रु. जमा कर प्राप्त कर सकते है या वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरांत रु 250 की राशि डी.डी. बनाकर प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक सुकमा के नाम से निविदा प्रपत्र के मूल्य के रुप में सुरक्षानिधि लिफाफा में रखना होगा। अन्यथा यह माना जायेगा कि उसने निविदा प्रपत्र विधिवत रुप से कय नही किया है।
02. एक अन्य लिफाफे (भाव पत्र लिफाफा) में सारणी में दिये गये पुस्तको के प्रकाशको पर अधिकतम छूट का प्रतिशत अंकित करें व प्रपत्र में फर्म की मोहर व अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। अन्य समस्त दस्तावेज भी इसी लिफाफे में रखे तथा इसे मोहरबंद कर सील करें। इस लिफाफे के ऊपर भाव पत्र लिफाफा लिखें।

03. इन दोनो लिफाफो को एक अन्य बडे लिफाफे में रखकर सील बंद करे एवं उपर दी गई निविदा क्रमांक, दिनांक, अंतिम तिथि, समय इत्यादि लिखकर रजिस्टर्ड अथवा डाक विभाग से अधिकृत कोरियर या व्यक्तिगत रुप से भेजे। नियम तिथि समय के उपरान्त प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

04. उपरोक्तानुसार कंडिका 1 व 3 का पालन न करने पर भाव पत्र लिफाफा नही खोला जायेगा।

05. निविदाकार वाणिज्यकर विभाग की जीवित प्रमाण पत्र संलग्न करें, जी.एस.टी नम्बर व पैन कार्ड भी अकिंत करें तथा एक वर्ष का आयकर प्रमाण पत्र संलग्न करे।

06. निविदाकार कहां से पुस्तक प्रदाय करेंगें इसका स्पष्ट उल्लेख करें।

07. नियत तिथि व समय पर निविदायें क्रय समिति व उपस्थित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी इस हेतु कोई पृथक आमंत्रण/सूचना नही दी जावेगी।

08. पुस्तको का क्रय आदेश प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कोण्डागांव द्वारा जारी किये जायेगें। पुस्तक क्रय आदेश की तिथि से एक माह में प्रदाय करना होगा अन्यथा 2 प्रतिशत पेनल्टी के साथ समयावधि केवल एक बार बढाई जा सकेगी। तद्उपरान्त भी पुस्तके न प्रदाय करने पर सुरक्षानिधि से आदेश की कुल राशि अथवा प्रदाय न की गई पुस्तके की कीमत का 3 प्रतिशत जप्त कर लिया जावेगा।

09. पुस्तके की दरें निविदा खुलने की तिथि से 1 वर्ष तक मान्य होगी।

10. कटी–फटी व पुराने संस्करण की पुस्तके स्वीकार नही की जायेगी उन्हे विक्रेता को उन्ही के खर्च पर वापस कर दिया जायेगा।

11. क्रय के लिए आदेशित पुस्तके निर्धारित तिथि तक सम्बंधित संस्था में पहुंच जानी चाहिए। जिन पुस्तको का आदेश किया गया है वे ही पुस्तके स्वीकारी जायेगी।

12. यदि पुस्तको पर विक्रय मूल्य अंकित ना हो तो उनके मूल्य का समूचित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा,एवं प्रत्येक देयक में यह प्रमाणित करना होगा कि पुस्तके नवीनतम संस्करण की है व उनका मूल्य प्रकाशक द्वारा घोषित सही मूल्य है देयक भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार होगा।

13. विदेशी मुद्रा विनिमय दर Good Office Committee द्वारा समय समय पर निर्धारित की जाती है व विदेशी पुस्तको के मूल्य हेतु वे ही दर मान्य होगी, निविदा के साथ उसका पत्र संलग्न करे यदि परिवर्तित होती है तो देयक के साथ उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न करे।

14. किसी भी विवाद की स्थिति में छ.ग. शासन के भंडार क्रय नियम 2002 व अन्य संसोधन संदर्भ रहेंगें। किन्तु आदेश कर्ता के निर्णय अंतिम होगा न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र वही होगा जहॉ आदेश कर्ता की संस्था स्थित है।

15. अगर निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई पुस्तक क्रय हेतु नियम/अध्यादेश/अधिनियम प्रभाव में आ जाता है जो इस निविदा की शर्तो को प्रतिकुल रुप से प्रभावित करता है। तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।

16. जिन निविदाकारो को कोई क्रय आदेश प्राप्त नही होता है उन्हे उनकी सुरक्षा निधि तुलानात्मक पत्र बनने के उपरांत लौटा दी जायेगी। अन्य निविदाकारो को सम्पूर्ण प्रकिया होने पर नियमानुसार आंशिक या पूर्ण सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

17. यदि निविदाकार छ.ग. में स्थित व छ.ग. वाणिज्य कर अधिनियम में पंजीकृत कार्यालय से पुस्तक प्रदान करते है तो उन्हे पुस्तको पर छ.ग. राज्य द्वारा लगाये वाणिज्य करो की स्पष्ट

जानकारी देना अनिवार्य है तुलनात्मक पत्र बनाते समय इन निविदाकारो की कीमते वाणिज्यकर घटाकर की जायेगी।

18. संस्था हित में निविदा की शर्तो में किसी भी समय युक्ति–युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।
19. यह प्रपत्र हस्तांतरिणीय नही है। डाक की वजह से हुई देरी हेतु संस्था जिम्मेदार नही होगी।
20. निविदाकार डिस्काउंट को नीचे दी गई सारणी में शब्दो एवं अंको में अवश्य लिखे एवं कोई सुधार किया गया न जाए।
21. कय की जाने वाली पुस्तको की संख्या एवं कुल कय की राशि घटाई अथवा बढाई जा सकती है।
22. निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जायेगा कि उसे समस्त शर्ते स्वीकार है। निविदाकार ऐसी कोई शर्ते नही डालेगा जो निविदा शर्तो के विपरीत हो ऐसी शर्ते अमान्य है।
23. केता द्वारा आवश्यकतानुसार समय पर लागू फार्म जारी किया जा सकता है।
24. निविदाकार को यह बताना होगा कि वह निम्न सूची में वर्णित विभिन्न प्रकार की पुस्तको को कितने दिन में प्रदाय कर देंगे, अगर दो निविदाकारो का डिस्काउंट बराबर है तो कय आदेश उस निविदाकार को दिया जायेगा जो पुस्तके शीघ्र प्रदाय कर सकें।
25. प्रदाय के समय निविदाकारो को पुस्तको की कीमत का नवीनतम प्रकाशक कैटलॉग देना होगा एवं पुस्तको की कीमते उसी से सत्यापित की जायेगी।
26. प्रदाय की गई पुस्तको के बिल तीन प्रति में उपलब्ध कराना होगा।
27. पुस्तको की भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में एंट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।
28. निविदाकार फर्म का GST पंजीयन होना अनिवार्य है, इस सम्बंध में पंजीयन प्रमाण पत्र निविदापत्र के साथ संलग्न करना होगा।
29. निविदा प्रेषित करते समय लिफाफे के उपर लाल स्याही से"पुस्तक कय हेतु निविदा"लिखना अनिवार्य है।
30. निविदा खोलते समय निविदाकर्ता या उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।
31. निविदाकर्ता अपनी दरे समस्त कर सहित जो वर्तमान में लागू हो स्पष्ट रुप से लिखे, यदि पुस्तको पर GST लागू हो तो पुस्तको पर लगने वाले GST का स्पष्ट उल्लेख करे।
32. निविदाकार फर्म का तीन वर्ष का पुस्तक प्रदाय में अनुभव के साथ वार्षिक न्यूनतम 2.25 लाख तक पुस्तक प्रदाय किया हो।

23/06/2021

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक
सुकमा (छ0ग0)

Principal
Govt. Polytechnic
Sukma (C.G.)

# भावपत्र

Rate of Books Publisher wise with % discount on MRP
(For Govt. Polytechnic Sukma C.G.)

| S.N | Name of publisher | Discount % on print price in figures | Discount % on print price in words |
|---|---|---|---|
| 1 | Deepak publication | | |
| 2 | Laxmi pub. | | |
| 3 | TMH pub. | | |
| 4 | Pearson pub. | | |
| 5 | PHI pub. | | |
| 6 | Mc Graw pub. | | |
| 7 | New Age pub. | | |
| 8 | BPB pub. | | |
| 9 | Narosa pub. | | |
| 10 | John wiley pub. | | |
| 11 | CBS pub. | | |
| 12 | Urasia pub. | | |
| 13 | S.K.Kataria pub. | | |
| 14 | Galgotia pub. | | |
| 15 | Standard pub. | | |
| 16 | Umesh pub. | | |
| 17 | Penram pub. | | |
| 18 | T.Max pub. | | |
| 19 | S.chand pub. | | |
| 20 | Khanna pub. | | |
| 21 | Dhanpat Raj & co pub. | | |
| 22 | Prakhar pub. | | |
| 23 | Somaya pub. | | |
| 24 | TTTI pub. | | |
| 25 | Vikas pub. | | |
| 26 | Charottar pub. | | |
| 27 | Vayu pub. | | |
| 28 | Rechnical scitech electrotech CPH pub. | | |
| 29 | Satya Prakashan pub. | | |
| 30 | Hindi Granth Academy pub. | | |
| 31 | BPB Pub. | | |
| 32 | DCSSI Pub. | | |
| 33 | DPS Pub. | | |
| 34 | KD Pub. | | |
| 35 | Scientific Pub. | | |
| 36 | Somaya Pub. | | |
| 37 | YCT Pub. | | |
| 38 | National Journal for Civil ,electrical ,Mechanical, electronics, computer science,Chemistry,Physics,Maths | | |
| 39 | International Journal for Civil ,electrical ,Mechanical, electronics, computer science,Chemistry,Physics,Maths | | |
| 40 | Rest of the above other Publication<br>(i)<br>(ii) | | |
| | | | |

दिनांकः—फर्म का हस्ताक्षर

सील